विलास भोसकर
(भा.प्र.से.)
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला- सरगुजा (छ.ग.)

कार्यालय, कलेक्टर सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
पिन नं.- 497001
दूरभाष : 07774-220701 (कार्या.) 240700 (नि.)
फैक्स : 07774-223818 (कार्या.) 240801 (नि.)
ई-मेल : surguja.cg@nic.in

अर्द्धशास. पत्र क्र. ...913......
दिनांक......30/07/2024

प्रिय अभिभावक गण

नमस्कार

नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 आरम्भ हो चुका है। हमने अपने नौनिहालों का विद्यालयों में प्रवेश करा लिया है। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और पोषण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शासन की ओर से विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, मध्याहन भोजन, छात्रवृत्ति आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुये बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रयास किये जा रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ विद्यार्थियों को मिले, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो।

इस पुनीत कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित और अनिवार्य है। शिक्षक और पालक कुम्हार के दो हाथ हैं, जिनके बीच कोमल बालक रुपी मिट्टी आकार लेती है। बच्चों का भविष्य गढ़ने में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अतः दोनों को आपसी सामंजस्य रखते हुये विचारों का आदान-प्रदान एवं समस्याओं के निदान हेतु प्रयास करना आवश्यक है।

तो आइये मिलकर चर्चा करें अपने बच्चों के भविष्य की। चर्चा करें बच्चों के सुपोषण की। चर्चा करें बच्चों के अध्ययन – अध्यापन की। चर्चा करें शासन द्वारा संचालित विद्यार्थी हितकारी योजनाओं की।

इस चर्चा के लिये मंच उपलब्ध कराने के लिये आपके गांव में **संकुल स्तरीय पालक- शिक्षक मेगा बैठक** का आयोजन जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा दिनांक **06-08-2024 दिन मंगलबार** को किया जा रहा है। संकुल स्तर पर आयोजित इस मेगा बैठक में संकुल अन्तर्गत सभी शासकीय विद्यालयों के शिक्षक और इनमें पढ़ने वाले बच्चों के पालक/अभिभावक शामिल होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

इस मेगा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। आपके बच्चों की पढाई में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान खोजा जाएगा। आपकी राय ली जाएगी। शिक्षाविदों एवं अपने कार्यक्षेत्र में सफल व्यक्तियों से सफलता के सूत्र जानेंगे। हम आपस में मिलकर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये योजना बनाएंगे।

मेरा आप सभी से आग्रह है कि इस मेगा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होकर बच्चों के साथ–साथ देश का भविष्य गढ़ने में सहयोगी बनें।

3/7/2024

कलेक्टर
जिला– सरगुजा

Scanned with OKEN Scanner